समाचार

कोरबा को प्लास्टिक मुक्त करने स्वयंसेवी संगठन आ रहे आगे

(रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने की आयुक्त से भेंट, प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान में सक्रिय सहभागिता की कही बात)

(निगम के साथ मिलकर रोटरी क्लब करेगा कपड़े के थैलों का वितरण, होगा जनजागरूकता का कार्य)

कोरबा 29 जुलाई 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा द्वारा कोरबा को प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त करने हेतु विशेष रूचि लेकर चलाए जा रहे '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता देने के लिए नगर के स्वयंसेवी संगठन आगे आ रहे हैं। आज रोटरी क्लब कोरबा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा से मुलाकात की, उन्हें कपड़े के बने थैले भेंट किए तथा निगम के साथ मिलकर इस दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य करने की मंशा जताई। आयुक्त श्री शर्मा ने उनके इस कदम की प्रशंसा करते हुए अभियान में उनकी सक्रिय सहभागिता का स्वागत किया।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन ने निर्धारित मानक के अनुरूप न होने वाली प्लास्टिक एवं उससे बनी सामग्री के निर्माण, भण्डारण व उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया हुआ है, प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण, साफ–सफाई एवं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कोरबा में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा के निर्देश पर निगम द्वारा '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यो के साथ–साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का विक्रय व उपयोग करने वालों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही भी की जा रही है। निगम द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता देने के लिए नगर के स्वयंसेवी संगठन भी आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज रोटरी क्लब कोरबा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने निगम कार्यालय साकेत भवन पहुंचकर आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा से मुलाकात की तथा इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता देने की मंशा जताई तथा उन्हें कपड़े के बने थैले भेंट किए। आयुक्त श्री शर्मा ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए अभियान में उनकी सक्रिय

सहभागिता का स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पारस जैन, आशीष अग्रवाल, अमित भोजासिया, शाहिल खेत्रपाल, रिता खेत्रपाल, भूमिका अग्रवाल, डॉ.संजय अग्रवाल, डॉ.प्रिंस जैन, निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा व डॉ.संजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

प्रथम चरण में 10 हजार थैले का वितरण— रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने आयुक्त श्री शर्मा को बताया कि प्लास्टिक कैरीबैग के विकल्प के रूप में कपड़े से बने थैलों का उपयोग लोगों द्वारा किया जाए, इस हेतु उनके संगठन द्वारा प्रथम चरण में 10 हजार थैलों का वितरण आमनागरिकों व फुटपाथ आदि में छोटा—मोटा व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों के बीच वितरित किए जाएंगे, इसके बाद निरंतर कपड़े से बने थैलों का निर्माण एवं उनके वितरण का कार्य, उनके द्वारा जारी रखा जाएगा।

घरों में रखे अनुपयोगी कपड़े उपलब्ध कराने अपील की— आयुक्त श्री शर्मा ने आमनागरिकों से अपील की है कि वे उनके घरों में रखे अनुपयोगी कपड़ों जिनमें पैंट, शर्ट, चादर, साड़ी, तौलिए सहित अन्य कपड़े शामिल है आदि को निगम द्वारा बनाए गए केन्द्रों या रोटरी क्लब के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएं ताकि इन कपड़ों से रोटरी क्लब के सहयोग से थैलों का निर्माण करा कर इन्हें आमजन के उपयोग हेतु अधिक से अधिक संख्या में वितरित कराया जा सके।

यहां पर दे सकते हैं अनुपयोगी कपड़े— आयुक्त श्री शर्मा के निर्देश पर निगम द्वारा पुराना बस स्टैण्ड स्थित गीतांजलि भवन तथा घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन को इस हेतु स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है, जहां पर इच्छुक व्यक्ति अपने अनुपयोगी पुराने कपड़ें दे सकते हैं। इसके साथ ही वे अपने अनुपयोगी कपड़ों को देने के लिए रोटरी क्लब के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल मोबाईल नम्बर 93191—65432, पदाधिकारी पारस जैन मोबा.नं. 93298—72807 तथा मनीष अग्रवाल मोबा.नं. 97537—07070 से संपर्क कर सकते हैं।

कोरबा को प्रतिबंधित प्लास्टिक से मुक्त करने सहयोग दें— आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने व्यापारीबंधुओं , दुकानदारों से पुनः अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक कैरीबैग, प्लास्टिक डिस्पोजल सहित अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करें, इसके स्थान पर कपड़े व जूट के बने थैले, कागज के लिफाफे व अन्य वैकल्पिक साधनों को अपनाएं। उन्होने व्यापारीबंधुओं से कहा है कि वे ग्राहकों को प्रेरित करें कि वे बाजार जाते समय कपड़े, जूट आदि के थैले साथ में लेकर जाएं, व्यापारीबंधु अपनी दुकानों में भी कपड़े, जूट आदि के थैले रखें तथा ग्राहकों की सुविधा व उनकी मांग पर वाजिब दाम में उन्हें उपलब्ध कराएं। आयुक्त श्री शर्मा ने आमनागरिकों से भी अपील की है कि वे बाजार जाते समय कपड़े व जूट के थैले साथ में रखे, दुकानदारों से प्लास्टिक कैरीबैग आदि की मांग न करें तथा कोरबा को प्रतिबंधित प्लास्टिक से मुक्त कर ने हेतु निगम द्वारा चलाए जा रहे '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' अभियान में अपना सहयोग दें।